# कायालय प्राचाय शासकाय महाावद्यालय हसौद,ाजला–जाजगार चाम्पा(छ.ग.)

क्रं. 331 / स्था./अतिथि विज्ञापन/ 2021 — हसौद, दिनांक – 12.03.2021

सत्र 2020–21

## :–विज्ञापन–:

शासकीय नवीन महाविद्यालय हसौद में सत्र 2020–21 के लिए सहायक प्राध्या./प्राध्यापकों के रिक्त पदों के विरुध्द अध्यापन व्यवस्था हेतु अतिथि व्याख्याता के लिए छ.ग. उच्च शिक्षा विभाग नया रायपुर के पत्र क्रं. 339/निस/आउशि/2021 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 23/02/2021 के अनुपालन में अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति हेतु 20/03/2021 तक कार्यालयीन समय पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जाएगा।

| क्रं. | विषय | रिक्त पदों की संख्या | रिक्त पद की संख्या | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 01 | कम्प्युटर एप्लीकेशन | 01 | 01 | |

**टीप :–01** उपरोक्त पद हेतु शैक्षणिक अर्हता यू.जी.सी./छ.ग.शासन उच्च शिक्षा संचालानालय रायपुर द्वारा समय–समय पर जारी किये गये आदेशो के अनुरूप होगी ।

**02.** अतिथि व्याख्याता किसी भी हैसियत से महाविद्यालयीन स्थापना के अन्दर नही माने जायेगें एवं वे लोक सेवक की विहित परिभाषा के अन्तर्गत लोक सेवक नही माने जायेगें।

**03.** अतिथि व्याख्याता के हैसियत से कार्य करने के लिये यह अध्ययन व्यवस्था जुलाई 2021 तक के लिये है परन्तु इस महाविद्यालय मे नियमित प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक की शासन द्वारा पदस्थापना किये जाने पर यह व्यवस्था स्वयं समाप्त मानी जायेगी।

**04.** कार्यरत् अतिथि व्याख्याताओं की सेवाये भविष्य में नियमितिकरण का आधार नही बनेगी और न ही अधिमानित बर्ताव के हकदार होगें।

**05.** अध्यापन हेतु अतिथि व्याख्याता को प्रति व्याख्यान 200/– रुपये अधिकतम 800/– रुपये एवं मासिक वेतन 20,800/– प्रति माह की दर से भुगतान देय होगा।

**06** गुणानुक्रम में चयनित आवेदकों का स्वच्छ छवि हो एवं महाविद्यालय में फीड–बैक भी अनुशासित एवं कर्तव्य निष्ठ हो। यदि किसी चयनित आवेदकों के विरुध्द किसी प्रकार की शिकायत होगी तो चयन समिति एवं प्राचार्य का यह अधिकार होगा की उनके स्थान पर दूसरे क्रम को प्राथमिकता दिया जा सकेगा।

**07** चयनित उम्मीदवार को महाविद्यालय में अध्यापन कार्य के अतिरिक्त समय महाविद्यालय के गुणवत्ता एवं छात्र/छात्राओं के कैरियर निर्माण के लिए देना होगा,इसके लिये अलग से पारिश्रमिक देय नही होगा।

**08.** आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक एवं स्वयं उपस्थित होकर कार्यालयीन समय पर 06.03.2021 तक प्राप्त किये जायेगें इसके पश्चात् प्राप्त आवेदन अमान्य होगें।

**09.** चयनित उम्मीदवार को सभी डिग्री/प्रमाण पत्रो की सत्यता, पुलिस/न्यायालयीन प्रकरण संबंधी एवं किसी अन्य शासकीय/अशासकीय सेवा में नहीं हैं, संबंधी शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

प्रभारी प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय हसौद

पृ. क्रं. 332 / स्था./अतिथि विज्ञापन/ 2021 — हसौद, दिनांक – 12.03.2021

प्रतिलिपि :–

01. आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय नया रायपुर छ.ग. को सूचनार्थ।
02. अपर संचालक क्षेत्रीय कार्यालय उच्च शिक्षा विभाग बिलासपुर को सूचनार्थ।
03. कलेक्टर जिला – जांजगीर चाम्पा छ.ग. को सूचनार्थ।
04. प्राचार्य टी.सी.एल. अग्रणी महाविद्यालय जांजगीर को सूचनार्थ।
05. तहसीलदार हसौद जिला – जांजगीर चाम्पा छ.ग. को सूचनार्थ।
06. कार्यालयीन प्रति।

प्रभारी प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय हसौद